## भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर 2026-27

| कक्षा-आठवीं | विभाग: हिंदी | दिनांक -10.05.26 |
|---|---|---|
| Study Material 3 | श्रुतिसम भिन्नार्थक,वचन, विलोम | Note: Pl. file in portfolio |

**नाम: ____________________अनुभाग: ______अनुक्रमांक: ______**

निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

1 सुखी — सुख से पूर्ण- वह सुखी जीवन जी रहा है।
 सूखी — सूखा हुआ - पेड़ की सूखी डाली को देखो।

2 दिन — दिवस - मेरे लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है।
 दीन — गरीब - दीन-दुखियों की सेवा ही सच्चा धर्म है।

3 और — दूसरा- और क्या चाहिए तुम्हें?
 ओर — तरफ- पूर्व की ओर देखो, सूर्य निकल आया।

4 मूल — जड़ - पेड़ की मूल को सींचो, हरा-भरा रहेगा।
 मूल्य — कीमत- इस कमीज़ का मूल्य बताइए।

5 समान — एक जैसा- बुद्धि में दोनों एक समान हैं।
 सम्मान — आदर- बच्चे माता-पिता का सम्मान करते हैं।

6. अपेक्षा तुलना –– अर्जुन की अपेक्षा कर्ण बड़ा योद्धा था।
 उपेक्षा निरादर –– किसी की उपेक्षा मत करो।

7. उधार – कर्ज़ – मैंने अपनी दोस्त से उधार लिया।
 उद्धार – कल्याण – हे प्रभु! सबका उद्धार कीजिए ।

8. कुल – वंश – राम का जन्म रघु-कुल में हुआ था।
 कूल – किनारा – श्रीकृष्ण यमुना कूल पर बंसी बजाते थे।

9. आदि – आरंभ – आदि काल में मनुष्य सभ्य नहीं था।
 आदी – आदत – मोहन नशे का आदी है।

10. उपकार – भलाई – हमें दूसरों का उपकार करना चाहिए।

 अपकार – बुरा – किसी के अपकार के बारे में सोचना भी पाप है।

प्रश्न- 2 वचन बदल कर लिखें-

1 तारा – तारे

2 भावना – भावनाएँ

3 दीया – दीये

4 उँगली – उँगलियाँ

5 नेता – नेता गण

6 पुस्तक – पुस्तकें

7 कविता – कविताएँ

8 लेखक – लेखक गण

9 रोटी- रोटियाँ

10 बहू – बहुएँ

प्रश्न 3 विलोम शब्द

1 दोषी – निर्दोष

2 चेतन –जड़

3 मूक- वाचाल

4 पक्ष – विपक्ष

5 पृथ्वी -आकाश

6- मुसकराना - रोना

7 सच - झूठ

8 रोशनी - अंधकार

9 चलना - रुकना

10 जलाना - बुझाना